हिन्दुस्तान

1936

सोमवार

31 अक्टूबर 2022, कार्तिक शुक्ल पक्ष, सप्तमी, विक्रम संवत 2079, बरेली

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO : 6 TOP

एसआरएमएस में 69वीं यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप का समापन, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

गाजियाबाद की सुहानी ने जीते चार खिताब

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। 69वीं यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का रविवार को श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में समापन हुआ। गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने चार जबकि लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव और लखनऊ के वीर बाल्मीकि ने दोहरे खिताब जीते।

पुरुष वर्ग के फाइनल में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को हराकर खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग के फाइनल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने अपने ही शहर की दिशा को पराजित किया। यूथ बॉयज अंडर-19 में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गौतम बुद्ध नगर के अक्षत त्यागी को मात दी। यूथ गर्ल्स अंडर-19 के फाइनल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की ही आरती चौधरी को हराकर खिताब जीता। जूनियर बॉयज अंडर-17 का खिताब आगरा के मौलिक चतुर्वेदी ने गाजियाबाद के अर्निस बाना को हराकर जीता। जूनियर गर्ल्स अंडर-17 के फाइनल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की ही अनिका गुप्ता को मात देकर तीसरा खिताब जीता। सब जूनियर गर्ल्स अंडर-15 का खिताब भी सुहानी ने जीता। इसके फाइनल में उन्होंने गाजियाबाद की अवनी त्रिपाठी को हराया। सब जूनियर बॉयज अंडर-15 में प्रयागराज के आर्यन कुमार ने लखनऊ के वीर बाल्मीकि को हराकर खिताब जीता।

कैडेट बॉयज अंडर-13 में वीर बाल्मीकि ने बदला लेते हुए आर्यन को हरा दिया। कैडेट गर्ल्स अंडर 13 में बनारस की अनोखी ने गाजियाबाद की कनिष्का को हराया। होप्स बॉयस अंडर 11 में लखनऊ के वीर बाल्मीकि ने लखनऊ के देव त्रिपाठी को पराजित किया। होप्स गर्ल्स में गोरखपुर की साक्षी तिवारी ने आगरा की अंकिशा मिश्रा को हराकर खिताब जीता।

69वीं यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का रविवार को समापन हुआ। • हिन्दुस्तान

विजेताओं को बांटे गए एक लाख रुपये

समापन समारोह में एडीजी राजकुमार और एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने विजेताओं को सर्टिफिकेट और ट्राफी के साथ नकद पुरस्कार प्रदान किया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से 50 हजार रुपये, यू.पी.टी.टी. एसोसिएशन की ओर से तीस हजार रुपये, स्टेट इन्टरनेशनल मेरठ की ओर से 20 हजार रुपये प्रदान किये गए। निहाल सिंह मैमोरियल की ओर से उभरते खिलाड़ियों को पांच हजार रुपये एवं विवेक प्रसाद मैमोरियल की ओर से उभरते खिलाड़ियों को पांच हजार रुपये की नगद धनराशि से सम्मानित किया गया।

मैच के दौरान यह लोग रहे मौजूद

इस मौके पर जिला टेबिल टेनिस एसोसिएशन के सचिव डा.दीपेंद्र कमथान, टूर्नामेंट के डायरेक्टर एनके लहरी, चीफ रेफरी अमित सिंह, डिप्टी रेफरी आकाश यादव, आल इंडिया टीटी जूनियर टीम के चयनकर्ता पराग अग्रवाल, टूर्नामेंट के संयोजक डा. सोवन मोहन्ती, आदित्य मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डीन एकेडेमिक्स डा.प्रभाकर गुप्ता, नर्सिंग कालेज की प्रिंसिपल डा.रिटू चतुर्वेदी, निदेशक प्लेसमेंट सेल डा.अनुज कुमार, डा.रुचि शाह, स्पोर्ट्स आफिसर नितिन सक्सेना और शंकर पाल गंगवार आदि मौजूद रहे।